Regarding increase in honorarium and provisioning of annual leave for Anganwadi Workers-Laid

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) **:** आंगड़वाडी कार्यकर्ता पुष्टाहार वितरण के साथ केंद्र एवं राज्य की अन्य योजनाओं को भी लागू करने का कार्य पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करती हैं । मैं आज आंगड़वाडी कार्यकर्ताओ से जुड़ी कुछ मूलभूत समस्याओं की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । आज पूरे भारत वर्ष में 12,93,448 कार्यकर्ता एवं 11,64,178 सहायिकायें हैं । विशेषकर उत्तर प्रदेश में- आंगड़वाडी कार्यकर्ता- 1,54,342, सहायिकायें- 1,32,67 । ये महिलाएं लोक महत्व का कार्य करती हैं जैसे 3-6 वर्ष के बच्चों में स्कूली शिक्षा ग्रहण करने से पहले आधारभूत समझ पैदा करना, स्वछता अभियान में योगदान, पोषण अभियान को धरातल पर लागू करना आदि । आज के दौर मे इनके पूर्ण कार्य के लिए इन्हें प्रतिमाह 6000 रुपये मानदेय मिलता है जो कि इनके पूरे परिवार के लालन पोषण, बच्चों कि शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के लिय पर्याप्त नहीं है । जैसा की Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017 के तहत सभी Employee महिलाओं को 26 सप्ताह की Maternity Leave अनिवार्य है परंतु इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की Leave नहीं मिलती है । इन कार्यकर्तओं के लिए ग्रीष्मकालीन छुट्टियों मे भी अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है । अतः मै आपसे अनुरोध करता हूँ कि इनके प्रतिमाह मानदेय को बढ़ाया जाए तथा इनके लिए वार्षिक अवकाश के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए ।